भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड द्वारा खरीदी गयी मशीनें

1536. **श्री अनन्त राम जायसवाल :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड द्वारा 1983 में लाखों रुपये मूल्य की खरीदी गयी मशीनें बेकार पड़ी हैं;

(ख) क्या यह सच है कि स्वदेशी बाजार में उपलब्ध "पुली ब्लाक" खरीदने के बजाय कम्पनी ने इसका आयात किया;

(ग) क्या यह भी सच है कि नियंत्रण महालेखा-परीक्षक ने हाल ही में अपने प्रतिवेदन में इस सम्बन्ध में प्रतिकूल टिप्पणियां की थीं और यदि हां, उन पर क्या कार्यवाही की गई है;

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ङ) क्या सरकार ने भविष्य में ऐसी अनावश्यक खरीद को रोकने के लिए कोई निर्णय किया है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी. के. थुंगन) : (क) 1983 में एक होरीजॉटल ऑफ सैट बेन्डर खरीदा गया था। यद्यपि, प्रारम्भ में इसका प्रयोग नहीं किया गया था, तथापि मशीन का अब प्रयोग किया जा रहा है।

(ख) जी, नहीं। कम्पनी ने 300 टन क्षमता वाले पुली ब्लाक खरीदे जो अन्तर्देशीय बाजार में उपलब्ध नहीं थे।

(ग) से (ङ) नियंत्रक और महालेखा परीक्षक ने अपनी लेखा परीक्षा रिपोर्ट (वाणिज्यिक), 1990 में "जापान से 300 टन क्षमता वाले 15 शीव पुली ब्लाकों के 8 नगों के आयात पर परिहार्य व्यय" और "मशीन (होरीजॉटल, ऑफ सैट ट्यूब बेन्डर) की गैर-उपयोगिता" प्रत्येक पर एक पैराग्राफ शामिल किया है।

बी. एच. ई. एल. को पहले ही यह सलाह दे दी गई है कि वह सभी सम्बन्धित अधिकारियों को अनुदेश जारी करे कि वे भविष्य में कीमती मशीनें खरीदते समय सावधानी बरतें। कम्पनी ने इस आशय के आदेश जारी कर दिए हैं।

Problem of driking water in Kute District

1537. SHRI ANANTRAY DEV-SHANKER DAVE: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that at present more than. 178 villages of Kutch district are facing drinking water problem;

(b) whether it is also a fact that there has been no rains in, that district;

(c) whether Government are aware that problems of drinking water for more than 500 villages would arise in the month of March, 1992; and

(d) what steps are being taken in this regard so far?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RURAL DEVELOPMENT (SHRI UTTAMBHAI H. PATEL): (a) and (b) Out of 98 villages included under Mini Mission Project in Kachchh 90 villages had been provided safe drinking facilities by 30.6.91. Only 8 villages including 1 'No Source' problem village remain to be covered.

There was scanty (68, per cent less than the normal) rainfall in Kachchh during the period from 1st June to 4th September, 1991.

(c) No. such report has been received from the State Governmtnt.

(d) Does not arise.